LIBRARY

School of Planning And Architecture,Bhopal

S.NO. 13 JUNE

उत्तर उजाला 18/06/2024

बेरीनाग नगरपालिका को स्मार्ट सिटी बनाने को लेकर हुई बैठक

विभागों और जनप्रतिनिधियों ने दिये सुझाव

बेरीनाग। नगर निकाय क्षेत्रों की महायोजना के तहत बनने वाली स्मार्ट सिटी को लेकर विकास खंड सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। स्मार्ट सिटी को लेकर महायोजना तैयार तैयार कर रही कार्यदायी संस्था स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की प्रो. गायत्री नंदा के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी और बताया की आने वाले 20 वर्षों के तहत योजना बनाई जायेगी। जिसमें जल संस्थान और जल निगम के द्वारा पानी को लेकर बनाई जा रही है नई पेयजल योजना और सीवर लाइन की जानकारी और लोनिवि के द्वारा सडकों को बन रही योजना की जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कुमार ने स्कूलों के भवनों का एक जैसा निर्माण, तकनीकी शिक्षा के बारे में जानकारी दी। नगरपालिका के द्वारा नगर में कूड़े को लेकर चल रही व्यवस्था के बारे में बताया और आवारा जानवरों को प्रतिमाह के एक निश्चित धनराशी पर पंजीकृत गौशाला बढाबे में भेजने की बात कही और राजस्व विभाग के द्वारा नगर क्षेत्र की भूमि के संदर्भ में जानकारी दी और वन विभाग के द्वारा नगर क्षेत्र में जंगली जानवरों से आतंक से बचाने की योजना के साथ बंदरवाडा बनाने और पशु पालन विभाग के द्वारा पशुओं के सर्जरी के लिए अलग से व्यवस्था करने और घरेलू पशुओं के उपचार की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। उद्यान विभाग के द्वारा नगरी क्षेत्र होने के कारण योजनाओं का लाभ नही दिये जाने की बात कही तो बिजली विभाग के द्वारा नये बिजली के कनेक्शन बंद होने के कारण राजस्व का नुकसान होने की जानकारी दी। वही ब्लाक प्रमुख विनीता बाफिला, भाजपा मंडल अध्यक्ष इन्द्र धानिक, त्रिभुवन भंडारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरज बिष्ट, महेश पंत, जीवन पाठक, व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत, जीवन पंत ने नगर की स्मार्ट सिटी को लेकर सुझाव दिये और नगर की बढती हुई जनसंख्या को लेकर योजना तैयार करने को कहा। बैठक में खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी भगवती प्रसाद पांडे,एसडीओ आयुष चंद, अवर अभियंता महेश रौतेला, दीपक कुमार, पशु चिकित्साधिकारी मंजू अस्वाल,सहायक पंचायत अधिकारी रमन पांगती, विमलेश पंत, मंजुल महेश्वर, एसोसिएट प्रोफेसर गायत्री नदा, गर्वित शर्मा शहरी एवं क्षेत्रीय योजनाकार, पंकज नेगी शहरी एवं क्षेत्रीय योजनाकार, कुणाल पटोले योजनाकार सहित आदि मौजूद रहे।

बिना मालिकाना हक कैसा स्मार्ट सिटी

बेरीनाग। स्मार्ट सिटी को लेकर चल रही बैठक के दौरान बेरीनाग में बिना भूमि के मालिकना हक कैसे स्मार्ट सिटी बनाये जाने को लेकर भी लोगों ने सवाल खडे किये और कहा सबसे पहले यहां के लोगों को भूमि का मालिकाना हक दिया जाय उसके बाद स्मार्ट सिटी का कार्यवाई शुरू की जाय। जो पूरी बैठक में चर्चा का विषय बना रहा।